हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 20 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

14 स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं ...

14 भाजपा लवन मंडल के सदस्यों ने जमकर...




## खबर संक्षेप

### 5 जुआरी गिरफ्तार 19 हजार जब्त



**सिमगा।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिमगा पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा आदि अवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में 18 मार्च को सिमगा पुलिस द्वारा ग्राम दरचुरा भांठा खार में जुआ खेलते हुए 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी जुआरियों से नगदी 19,040 एवं 52 पत्ती ताश जब्त की गई। गिरफ्तार किए गए जुआरियों में लोचन राम साहू 44 साल निवासी अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, राजकुमार धृतलहरे 30 साल निवासी ग्राम मारो थाना नांदघाट जिला बेमेतरा, टेकराम पात्रे 24 साल निवासी ग्राम नवागांव जिला बेमेतरा, भाग सिंह कोसले 42 साल निवासी नवागांव थाना बेमेतरा जिला बेमेतरा, धनसिंग साहू 42 साल निवासी वार्ड नंबर 6 किरीतपुर थाना बेमेतरा जिला बेमेतरा के विरुद्ध थाना सिमगा में छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है।

### आपदा पीड़ित परिवार को चार लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए कलेक्टर दीपक सोनी ने 4 लाख आर्थिक शेष पेज 13 पर

# जहर सेवन करने वाले किसान के इलाज का पूरा खर्च वहन करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जहर सेवन करने वाले किसान को इलाज और मुआवजा दिलाने की मांग करते हुए कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मिला। इस दौरान कांग्रेस सदस्यों ने किसान के उपचार के लिए समुचित व्यवस्था करने तथा जिले के राजस्व विभाग में व्याप्त मनमानी सहित किसानों को शीघ्र न्याय मिलने सहित अनेक बिंदुओं पर मांग सुझाव सहित चर्चा की। विधानसभा के सुहेला तहसील के ग्राम बुड़गहन के किसान हीरालाल साहू द्वारा तहसील कार्यालय में तहसीलदार के सामने जहर सेवन मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी के संयोजन में गठित जांच समिति के सदस्य पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश यदु, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, सुहेला ब्लॉक के अध्यक्ष भूनेश्वर वर्मा ने कलेक्टर दीपक सोनी से मिलकर घटना के संबंध में जानकारी देते हुए किसान के उपचार के लिए समुचित व्यवस्था करने तथा जिले के राजस्व विभाग में व्याप्त मनमानी सहित किसानों को शीघ्र न्याय मिलने सहित अनेक बिंदुओं पर मांग सुझाव सहित चर्चा की गई। कांग्रेस नेताओं ने जांच की जानकारी देते हुए बताया कि बुड़गहन के किसान हीरालाल साहू का शेष पेज 13 पर

## कांग्रेस जांच समिति ने कलेक्टर से मुलाकात कर घटना स्थिति से अवगत कराया



### पीड़ित किसान के सभी प्रकरण अविलंब करें निराकृत

जांच समिति के सदस्य कांग्रेस नेताओं ने जनसामान्य से की गई जानकारी के अनुसार कलेक्टर से हीरालाल साहू के इलाज का पूरा खर्च सरकार वहन करें और पीड़ित किसान को मुआवजा दें। हीरालाल साहू के समस्त प्रकरण पर अविलंब निराकरण हो। आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले अधिकारी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण चलाकर उसे दंडित किया जाए, ताकि बाकी अधिकारी उससे सीख ले सके। किसानों के लंबित राजस्व प्रकरण निर्धारित समय पर निराकृत किया जाना सुनिश्चित किया जाये। ऑनलाइन करने में जो त्रुटि हुई है, उसे संबंधित लोग स्वयं संज्ञान लेकर ठीक करें, क्योंकि उस त्रुटि के लिए भूमिस्वामी जिम्मेदार नहीं है। राजस्व विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और मनमानी पर लगाया जाये। कलेक्टर ने कहा कि पूरी घटना पर प्रशासन की नजर है, मैं स्वयं भी अस्पताल जाकर किसान के स्वास्थ्य की जानकारी लिया था। किसान की चिकित्सा की व्यवस्था की जाएगी। प्रशासन किसी से कोई भेदभाव नहीं करेगा।

## नगरपालिका को प्रतिवर्ष लाखों की राजस्व क्षति पहुंचा रहे जिम्मेदार

# होर्डिंग्स से पटी शहर की कई सड़कें कारोबार चल रहा पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में सड़कों के किनारे विभिन्न भवनों समेत चौक-चौराहे में अवैध रूप से बिना नगरपालिका की अनुमति के बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगा दिये जाने से पूरे शहर की सूरत खराब हो चुकी है। पालिका द्वारा ऐसे अवैध होर्डिंग्स लगाने वालों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किये जाने का नतीजा है कि खतरनाक मोड़, सकरे स्थानों पर लगे होर्डिंग्स की वजह से सामने से आने वाले वाहन भी नजर नहीं आते जिससे इन स्थानों पर दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। हैरत की बात है कि पालिका के पास ऐसे अवैध होर्डिंग्स का कोई रिकार्ड भी नहीं है। गौरतलब है यदि नगर में मुख्य मार्ग के किनारे नजर दौड़ाया जाए तो ऐसे दर्जनों अवैध होर्डिंग्स की भरमार शेष पेज 13 पर



### पालिका के रिकॉर्ड में है केवल 273 होर्डिंग्स

पालिका सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में डिवाइडर पर लगे 16 यूनीपोल व छोटे 200 नग पोल में ही फ्लेक्स लगाने की अनुमति पालिका से प्राप्त किया गई है, जो निश्चित ही चौकाने वाला आंकड़ा है, यदि अम्बेडकर चौक से लेकर जिला न्यायालय 3 किमी दूरी तक सड़क के दोनों ओर तथा बड़े मैदान, सार्वजनिक स्थान, चौक-चौराहों पर देखे तो यहां अवैध होर्डिंग्स की भरमार है। अतः शहर के सौंदर्य को बनाए रखने एवं होर्डिंग्स की वजह से सम्भावित दुर्घटना को टालने के लिए ऐसे अवैध होर्डिंग्स को हटाने के अलावा इन्हें लगाने वालों पर पालिका द्वारा कड़ी कार्रवाई किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है। यह भी उल्लेखनीय है कि फ्लैक्स व होर्डिंग्स के व्यवसाय में संलग्न लोग औपचारिकता के लिए 4-5 स्थानों पर होर्डिंग्स लगाने की अनुमति पालिका से लेकर इस अनुमति का दुरूपयोग करते हुए दुगुने स्थानों पर अवैध होर्डिंग्स लगा रहे हैं। पालिका के अमले को जानकारी होने के बावजूद ऐसे अवैध होर्डिंग्स लगाने वालों पर कार्रवाई नहीं किये जाने से संदेह उत्पन्न होता है कि मामले में नगरपालिका के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से अवैध होर्डिंग्स के माध्यम से नगरपालिका को राजस्व क्षति पहुंचाने का खेल जारी है।

## हंसिया मारकर युवक की हत्या, आरोपी हिरासत में



**बंगोली/खरोरा।** समीपस्थ ग्राम मूरा में मामूली सी बात को लेकर बुधवार सुबह 8 बजे हंसिया से गला रेतकर हत्या कर देने की वारदात सूनकर ग्रामवासी आश्चर्यचकित रह गये। घटना के बारे में प्रदत्त जानकारी के अनुसार मृतक रंजीत पिता खेदूराम साहू 47 वर्ष तथा आरोपी युवक मनोज पिता राजेंद्र साहू 20 वर्ष पड़ोसी थे। घटना दिनांक को मृतक सुबह अपने घर के सामने अपने नाती को खिला रहा था। इसी दौरान आरोपी युवक मनोज साहू द्वारा अपने घर से हंसिया लेकर अचानक बाहर में अपने पड़ोसी मृतक रंजीत साहू की हंसिया से गला रेतकर हत्या करने के बाद खुद पुलिस थाना खरोरा को सूचना देकर हत्या कर देने की बात कबूल कर ली। आरोपी युवक से इस हत्या के बारे पुछे जाने पर मृतक द्वारा मुझे देखकर शेष पेज 13 पर

## जिपं सीईओ निर्माणाधीन पीएम आवास का निरीक्षण करने पहुंचीं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल ने बलौदाबाजार जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कोकड़ी व दशरमा का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों एवं सम्बंधित कर्मचारियों को तेजी से आवास निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। सीईओ जिला पंचायत द्वारा हितग्राही सोहन दास, सेवती बाई, जोधराम, सेवक राम मानिकपुरी के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बनाए जा रहे आवासों का निरीक्षण किया गया। पंचायतों में कुछ हितग्राहियों को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सेंट्रिंग प्लेट प्रदान की गयी है। इस दौरान जनपद सीईओ फकीरचरण पटेल, कार्यक्रम अधिकारी अविनाश पैंकरा, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर पूजा केरकेट्टा, सब-इंजीनियर, तकनीकी सहायक, सरपंच, रोजगार सहायक, आवासमित्र, सक्रिय महिला उपस्थित थे।

## सूने मकान में हुई चोरी अपचारी बालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

शहर थाना पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक अपचारी बालक को पकड़ा। उसके कब्जे से चोरी का 5 नग चांदी का सिक्का एवं नगदी 3000 रुपए बरामद किया गया। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर मामले का खुलासा किया गया। अपचारी बालक ने नयागंज वार्ड भाटापारा में सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी किया था।

पुलिस ने बताया कि संतोषी बघेल निवासी नया गंज वार्ड भाटापारा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 17 मार्च को शाम 5 बजे वह घर में ताला लगाकर अपने मायके गई हुई थी, फिर 18 मार्च को सुबह 11.30 बजे वापस आई, तो देखा कि घर के दरवाजा में लगा ताला टूटा हुआ था तथा अंदर अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। अंदर अलमारी में रखे 5 नग चांदी का सिक्का कीमत 4000 एवं नगदी रकम 4000 घर में नहीं थी, जिसे कोई अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर लिया गया था।

रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर पुलिस ने धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में शहर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तथा आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से एक अपचारी बालक को हिरासत में लिया और पूछताछ करने पर उसके द्वारा प्रार्थिया के घर में चोरी करना स्वीकार किया। प्रकरण में अपचारी बालक से चोरी का 5 नग चांदी का सिक्का एवं नगदी रकम 3000 बरामद किया गया है। बुधवार को अपचारी बालक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## जमीन विवाद पर मारपीट, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा

ग्राम पौसरी में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। वहीं बुजूर्ग व्यक्ति को छत से नीचे धकेल दिया, जिससे वह घायल हो गया। महिला की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

■ आरोपियों ने बचाव करने में जुटे बुजुर्ग को छत से नीचे धकेला

पुलिस के अनुसार प्रार्थिया संतोषी जांगड़े निवासी ग्राम पौसरी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 16 मार्च की रात लगभग 9.30 बजे प्रार्थिया अपने परिवार के साथ घर की छत पर सोई हुई थी। उसी समय आरोपीगण जबरदस्ती उसके घर में घुस आए एवं जमीन विवाद के चलते प्रार्थिया एवं उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए बांस के डंडा आदि से मारपीट करने लगे। इसी बीच प्रार्थिया के ससुर मनोज धृतलहरे द्वारा बीच-बचाव किया जा रहा था, तो उसे आरोपियों द्वारा उपर छत से नीचे धकेल दिया गया। जिसे गंभीर चोटें आई हैं। रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध दर्ज कर धारा 296, 331(2), 351(3), 115(2), 3(5), 109 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में सिमगा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल 4 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा जमीन विवाद पर से प्रार्थिया एवं उसके परिवार के साथ मारपीट करना एवं प्रार्थिया के ससुर को छत से नीचे धकेल देना स्वीकार किया गया। पुलिस ने चारों आरोपियों संदीप कुर्रे 25 साल निवासी ग्राम जरौद थाना भाटापारा ग्रामीण, अमित कुर्रे 27 वर्ष निवासी ग्राम जरौद थाना भाटापारा ग्रामीण, प्रलय कुर्रे 20 वर्ष निवासी ग्राम जरौद थाना भाटापारा ग्रामीण एवं ईश्वर कुर्रे 36 वर्ष निवासी ग्राम जरौद थाना भाटापारा ग्रामीण को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।



### जन्मदिन पर तलवार लहराने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** चौकी गिरौदपुरी पुलिस द्वारा शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों एवं शांति व्यवस्था बाधित करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। ऑपरेशन विश्वास के तहत अपने जन्मदिन के दिन तलवार लहराकर केक काटने वाले आरोपी सूरज साहू 21 साल निवासी ग्राम बरेली को गिरफ्तार किया गया। चौकी गिरौदपुरी पुलिस द्वारा ग्राम बरेली में अपने जन्मदिन के दिन धारदार तलवार लहराकर केक काटने वाले आरोपी सूरज कुमार को गिरफ्तार कर आरोपी से धारदार तलवार जब्त किया गया है। आरोपी द्वारा तलवार के साथ अपना फोटो व वीडिओ सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में भी अपलोड किया गया था।



# एनआरआई की 5 सहित 30 सीटों का आवंटन, अभी भी एमडी-एमएस की 48 बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चार दौर की काउंसिलिंग के बाद निजी कालेजों में खाली बची एनआरआई कोटे की पांच सहित 30 सीटों पर एडमिशन के लिए आंवटन सूची जारी कर दी गई है। स्पेशल स्ट्रे राउंड में सीटों के अलॉटमेंट के बाद भी मेडिकल कालेजों में एमडी-एमएस की 48 सीटें बाकी हैं। इस विशेष स्ट्रे राउंड के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने नया आवेदन मंगाया था, प्रवेश की अंतिम तारीख 20 मार्च तय की गई है।

राज्य के निजी मेडिकल कालेजों में पीजी की सीटों पर एडमिशन के लिए इस बार चिकित्सा शिक्षा विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ गई। दो दौर की नियमित फिर मॉपअप राउंड की काउंसिलिंग के बाद स्ट्रे राउंड और अब स्पेशल राउंड के जरिए खाली बची सीटों पर एडमिशन का प्रयास किया जा रहा है। होली के दौरान संस्था चयन के साथ मंगाए गए नए ऑनलाइन आवेदन के आधार पर मंगलवार को आवंटन सूची जारी कर दी गई। स्ट्रे राउंड के बाद पांच शासकीय सहित आठ चिकित्सा महाविद्यालयों में एमडी-एमएस की सीटें बाकी थीं।

नए आवेदन के बाद भी 30 सीटों के लिए अभ्यार्थी मिले जिन्हें सीट आवंटित की गई है और 48 सीट खाली बची हैं। आवंटित सीटों पर एडमिशन 20 मार्च तक दिया जाएगा, इसके बाद यह तय हो पाएगा कि इस सीजन में कितने सीटें एडमिशन से बच गई हैं। स्पेशल स्ट्रे राउंड के लिए निजी कालेजों की रिक्त पांच एनआरआई कोटे का आवंटन किया गया है और शेष 25 सीटें राज्य कोटे से संबंधित है। आवंटन के बाद जो सीटें खाली बची है वे सभी नॉन क्लीनिकल हैं।

## 20 मार्च तक होगा प्रवेश, स्पेशल स्ट्रे राउंड के लिए कराया गया था नया आवेदन

### 5 परेंसटाइल आधार पर नया आवेदन

खाली सीटों पर एडमिशन के लिए संशोधित 5 परसेंटाइल के आधार पर नया आवेदन 13 से 15 मार्च तक मंगाया गया था। इनमें पंजीकृत सेवारत अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन जमा किया गया है। पुराने अनुभव के आधार पर सीख लेते हुए इन सर्विस अभ्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच की गई तो तीन अभ्यार्थियों के सेवा प्रमाण पत्र स्वास्थ्य संचालनालय से जारी नहीं मिले। इसकी वजह से काउंसिलिंग में इनकी श्रेणी में परिवर्तन किया गया।



### एडमिशन नहीं लिया तो अगली बार नीट नहीं

स्पेशल राउंड में जिन अभ्यार्थियों को सीटों का आवंटन हुआ है, उन्हें एडमिशन लेना अनिवार्य होगा। किसी कारण सीटें छोड़ने अथवा एडमिशन नहीं लेने वाले अभ्यर्थियों को वर्ष 2025 में होने वाले नीट की परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा। इसके अलावा उनके द्वारा जमा कराई गई पंजीयन राशि भी जब्त कर ली जाएगी। इस बार सीट त्यागने वालों को लेकर एनएमसी ने सख्त रवैया अपनाया है।

## खबर संक्षेप

### सचिन पायलट आज आएंगे पदाधिकारियों की लेंगे बैठक

**रायपुर।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी



सचिन पायलट बुधवार को छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे। यहां पहुंचने के बाद वे शराब घोटाले में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद पूर्व मंत्री कवासी लखमा से मुलाकात करेंगे। वहीं दोपहर 2 बजे कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें प्रदेश के तीनों सह-प्रभारी, पीसीसी अध्यक्ष, सदस्य और वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि निकाय चुनाव के बाद यह सचिन पायलट का पहला छत्तीसगढ़ दौरा होगा। बैठक में संगठन में बदलाव, नई नियुक्तियां और हाल ही में हुई चुनावी हार की समीक्षा पर चर्चा हो सकती है। बैठक के बाद शाम 5 बजे सचिन पायलट दिल्ली लौट जाएंगे।

### निर्वाचन आयोग वोटर आईडी को आधार से जोड़ने करेगा कार्यवाही

**रायपुर।** देश के निर्वाचन आयोग ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी के साथ मंगलवार को नई दिल्ली के निर्वाचन सदन में केंद्रीय गृह सचिव, सचिव विधायी विभाग, सचिव मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और सीईओ, यूआईडीएआई और निर्वाचन आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ बैठक की। देश के संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार, मतदान का अधिकार केवल भारत के नागरिक को दिया जा सकता है; आधार कार्ड व्यक्ति की पहचान स्थापित करता है। इसीलिए यह निर्णय लिया गया कि मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने का काम संविधान के अनुच्छेद 326, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23(4), 23(5) और 23(6) के प्रावधानों के अनुसार तथा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुरूप ही किया जाएगा। तदनुसार यूआईडीएआई और निर्वाचन आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के बीच तकनीकी परामर्श जल्द ही शुरू होने वाला है।

### राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने कर्तव्य अग्रवाल

**रायपुर।** अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के कर्तव्य



अग्रवाल राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ को महत्व दिया गया है। उनकी नियुक्ति 3 साल के लिए की गई है। अध्यक्ष हेमराज जिंदल एवं राष्ट्रीय युवा महामंत्री राजेश अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपालशरण गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल की सहमति और प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद जैन की अनुशंसा से छत्तीसगढ़ के प्रदेश युवा चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल को अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन नई दिल्ली का राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है । प्रदेश इकाई के युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि उनकी नियुक्ति 3 साल के लिए होगी। राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ को महत्व दिये जाने से युवाओं में नया जोश आया है।

# भाजपा मनाएगी बिहार स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा प्रदेश में पहली बार 22 मार्च को राजधानी रायपुर में बिहार स्थापना दिवस मनाएगी। इसमें भाजपा के प्रदेश प्रभारी और बिहार के मंत्री नितिन नवीन भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की संस्कृति में रच बसकर विविध क्षेत्रों में बेहतर काम करके छत्तीसगढ़ और बिहार का मान बढ़ाने वाले कुशल लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम को लेकर एकात्म परिसर में मंगलवार को बैठक की गई। इसमें तय किया गया, बिहार की सांस्कृतिक धरोहर और उसकी महत्ता को प्रसारित करने की दृष्टि से सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे भोजपुरी गीत, मैथिली गीत, पारंपरिक गीत आदि का प्रदर्शन किया जाएगा । इसी तारतम्य में बिहार के प्रत्येक कोने के प्रसिद्ध पारंपरिक भोजन को भी परोसा जाएगा। पूरा कार्यक्रम इस वर्ष बिहार स्थापना दिवस के 2025 की थीम"उन्नत बिहार, विकसित बिहार" के इर्द - गिर्द रखा गया है, जिसका मूल उद्देश्य बिहार की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत, सतत विकास और उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं को उजागर करना है। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, सत्यम दुवा ,अकबर अली भोजपुरी समाज के संयोजक राजेश सिंह, भोजपुरी समाज के संरक्षक रविंद्र सिंह, बीरेंद्र सिंह, शिलवंत राय, संजय सिंह, हरिशंकर पांडे, सरोज सिंह ,अखिलेश शिंह, अरुण झा, रविन्द्र शर्मा, वेदनारायण सिंह, अमित श्रीवास्तव , शिवजलम दुबे , रवि कुमार उपस्थित थे।

## माध्यमिक शिक्षा मंडल अगस्त-सितंबर में लेगा पर्चे, एससीईआरटी ने लिखा खत

# परीक्षा फॉर्म भरने के 24 घंटे पहले डीएलएड की 166 सीटों पर प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस बार डीएलएड की परीक्षाएं अगस्त-सितंबर में आयोजित की जाएंगी। इसके लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल को खत भी लिखा गया है। सामान्यः डीएलएड की परीक्षाएं जून में आयोजित की जाती हैं, लेकिन विलंब से हुए दाखिले के कारण इस बार परीक्षाएं भी देर से आयोजित की जाएंगी। दरअसल, शैक्षणिक सत्र 2024-25 में डीएलएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग अगस्त माह से प्रारंभ हुई थी। अक्टूबर माह तक चली प्रवेश प्रक्रिया के बाद रिक्त रह गई सीटों के लिए दोबारा प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने निजी महाविद्यालयों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

- प्रदेश में है डीएलएड की 6 हजार 700 सीटें, रिक्त सीटों के लिए 28 फरवरी को मांगे थे आवेदन

न्यायालय द्वारा दोबारा काउंसिंलिंग प्रक्रिया शुरू करने आदेश दिए गए। इसके आधार पर एससीईआरटी ने अधिसूचना जारी करते हुए फरवरी अंत में काउंसिलिंग शुरू की। 26 फरवरी को रिक्त सीटों की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड की गई। 27 फरवरी को प्रतीक्षा सूची जारी की गई।

जिन अभ्यर्थियों के नाम प्रतीक्षा सूची में पूर्व से थे, केवल उन्हें ही 28 फरवरी को आवेदन करने की छूट दी गई। इसी दिन मेरिट लिस्ट जारी की गई। इसके पश्चात दस्तावेज सत्यापन, फीस सहित अन्य प्रक्रिया पूर्ण की गई।


हरिभूमि फॉलोअप
डीएलएड विद्यार्थियों को एडमिशन लेते ही भरना होगा परीक्षा फॉर्म, मात्र 28 दिन बाद दिलाएंगे परीक्षा!
अगस्त से शुरू हुई थी काउंसिलिंग, अब डीएलएड की खाली रह गई 142 सीटों पर फिर से प्रवेश
200 दिनों का पाठ्यक्रम 28 दिनों में
आज जारी होगी रिक्त सीटों की जानकारी

### 58 सीटें थीं रिक्त

प्रदेश में डीएलएड की 6 हजार 700 सीटें हैं। पहली बार हुई काउंसिलिंग में 58 सीटें ही खाली रह गई थीं। प्रवेश के बाद सीट छोड़ने के कारण रिक्त सीटों की संख्या बढ़कर 174 हो गई। इनमें से 166 सीटों में फरवरी अंत में दाखिले दिए। इस तरह से डीएलएड की 8 सीटें ही रिक्त हैं। इन छात्रों को कुछ दिनों की पढ़ाई के आधार पर ही परीक्षा में शामिल होना होगा।

### माशिम पहले ही जारी कर चुका था तिथि

डीएलएड परीक्षाओं का आयोजन माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा किया जाता है। मंडल द्वारा दोबारा काउंसिलिंग प्रारंभ होने के पूर्व ही परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी गई थी। प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करते ही 3 मार्च को कैंडिडेट्स को परीक्षा फॉर्म भरने पड़े। कोर्ट के आदेश के बाद एससीईआरटी ने खत लिखकर माशिम को अगस्त-सितंबर में डीएलएड परीक्षाएं आयोजित कराने कहा है। प्रवेश के दौरान दो बैच में परीक्षाएं आयोजित करने की बात सामने आ रही थी। अर्थात जिन्होंने बीते वर्ष अगस्त में प्रवेश लिया है, उनकी परीक्षा पहले आयोजित करने तथा इस वर्ष फरवरी में प्रवेश लेने वालों की परीक्षाएं बाद में आयोजित करने की चर्चाएं थीं। अब स्थिति स्पष्ट कर दी गई है। सभी छात्रों की परीक्षाएं एक साथ ही होंगी।

# प्रशासनिक कार्य व्यवहार म छत्तीसगढ़ी पर कार्यशाला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा 'प्रशासनिक कार्य व्यवहार म छत्तीसगढ़ी' विषय में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में 300 से अधिक संचालनालयीन अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर में कार्यशाला के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा को राजकाज की भाषा बनाने के लिए शासकीय सेवकों को जागरूक करना मुख्य उद्देश्य था। प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ी भाषा का उपयोग करते हुए कार्यालयीन नोटशीट, अर्जित अवकाश तथा कार्यालयीन आदेश जारी करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डॉ. सुरेन्द्र दुबे द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा का कार्यालयीन कार्यों में ज्यादा से ज्यादा छत्तीसगढ़ी भाषा का उपयोग करने अनुरोध किया गया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का गठन कराने के लिए अथक प्रयास किया गया।

- छत्तीसगढ़ी में नोटशीट, अर्जित अवकाश तथा कार्यालयीन आदेश जारी करने पर आयोग करेगा सम्मानित

आयोग के मध्य से छत्तीसगढ़ी भाषा को देश-विदेश में मान-सम्मान बढ़ाने के लिए वे निरंतर कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिये शासकीय कार्यालयों में महाअभियान चलाने की आवश्यकता है। आयोग के सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार ने छत्तीसगढ़ी में नोटशीट, अर्जित अवकाश तथा कार्यालयीन आदेश जारी करने के लिए शासकीय सेवकों का आह्वान किया। दो दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षक के तौर पर डॉ. तपेश चन्द्र गुप्ता, प्राचार्य छत्तीसगढ़ महाविद्यालय एवं ऋतुराज साहू ने अपनी सेवाएं दी।

# पहली बार मार्च में बिजली की खपत 64 सौ मेगावाट के करीब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मार्च में ही पारा लगातार आसमान पर जा रहा है। प्रदेश में कई स्थानों पर पारा अभी से 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। ऐसे में बिजली की खपत में भी लगातार गर्मी आ रही है। पूरे देश में इस समय बिजली की खपत बढ़ गई है। अपने राज्य में पहली बार मार्च में ही रिकॉर्ड खपत 63 सौ मेगावाट के पार होकर 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई है।

गर्मी में यह खपत 65 से 67 सौ मेगावाट तक जाएगी। ऐसे समय में अगर अपने संयंत्रों में खराबी आई, तो तय है कि बिजली संकट आएगा और कटौती भी करनी पड़ेगी। एक दिन पहले भी पांच सौ मेगावाट का एक संयंत्र बंद हो गया था। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से 42 सौ मेगावाट बिजली लेनी पड़ी। मंगलवार को भी श्यामा प्रसाद मुखर्जी संयंत्र का एक 250 मेगावाट का प्लांट बंद हो गया। इसकी वजह से सेंट्रल सेक्टर से ज्यादा बिजली लेनी पड़ी। गर्मी अब कब प्रारंभ हो जाए कहा नहीं जा सकता। बीते साल गर्मी ने फरवरी से तेवर दिखाए थे, लेकिन इस बार तो गर्मी जनवरी से ही पड़ने लगी। इसके बाद पहले फरवरी और अब मार्च में पारा और चढ़ने लगा है। पारा चढ़ने के कारण बिजली की खपत का भी पारा लगातार चढ़ रहा है। गर्मी बढ़ने के कारण अभी से प्रदेश भर में एसी और कूलर चलने लगे हैं। एसी और कूलरों के चलने के कारण खपत का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

### संकट संभव

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का तो दावा है कि गर्मी को देखते हुए बिजली की भरपूर व्यवस्था की गई है। इसमें संदेह नहीं है कि अगर खपत 65 सौ मेगावाट तक भी गई तो परेशानी नहीं होगी, क्योंकि अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट हो जाता है, लेकिन यह तब की स्थिति है जब पूरे संयंत्र चलते हैं। सभी संयंत्र चलते रहे तो सेंट्रल सेक्टर से चार हजार मेगावाट तक बिजली लेकर पूर्ति हो जाएगी, लेकिन अपने संयंत्रों में खराबी आने पर परेशानी हो सकती है। हमेशा गर्मी में अपने किसी न किसी संयंत्र में खराबी आती है। अभी तीन दिनों में ही दो संयंत्रों में खराबी आई है।

## चैंबर चुनाव में जय व्यापार पैनल और एकता पैनल

# ललित जैसिंघ लड़ेंगे चैंबर चुनाव, नामांकन खरीदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा नेता ललित जैसिंघ चैंबर चुनाव लड़ेंगे। मंगलवार को उन्होंने नामांकन खरीद लिया है। सूत्रों के मुताबिक वे अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए ललित जैसिंघ बुधवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज का चुनाव रोचक होने वाला है।

अभी तक मुख्य रूप से इस चुनाव में अमर पारवानी के जय व्यापार पैनल और भाजपा नेता व पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी के व्यापारी एकता पैनल चुनाव मैदान में सदस्यों के बीच चर्चा में बने। असमें से जय व्यापार पैनल ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। चैंबर के निवृतमान अध्यक्ष अमर पारवानी के जय व्यापार पैनल से प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल करने वाले हैं। इस बीच खबर आई कि अग्रवाल बिरादरी का एक अलग पैनल बन गया है। उनकी दावेदारी हो सकती है। चूंकि चैंबर चुनाव में दोनों ही पैनल से अग्रवाल समाज को तवज्जो नहीं दी गई इसलिए समाज जन इस बात को लेकर नाखुश रहे, लेकिन इस बीच अग्रवाल समाज से विजय अग्रवाल का वक्तव्य आया कि संयुक्त प्रत्याशियों को व्यापारिक हित में उनका समर्थन रहेगा।

### नामांकन के दूसरे दिन 3 फार्म दिए गए दो फार्म जमा



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव 2025 की प्रक्रिया के तहत नाम निर्देशन के दूसरे दिन मंगलवार को 3 नाम निर्देशन पत्र दिये गये। व दो नाम निर्देशन पत्र जमा हुये। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 मार्च को प्रातः11 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगी। चैंबर सभा भवन में नामांकन प्रक्रिया के समय मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्र गोलछा, बालकृष्ण दानी, महावीर तालेड़ा, अनिल जैन, संजय देशमुख, मुख्य निर्वाचन नियंत्रक एचएस कर, एवं चैंबर चुनाव कार्यालय प्रभारी एसएम रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# शीतला मंदिर से लाखेनगर चौक तक के मार्ग में सुगम आवागमन हुआ आसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

दुकानों का सामान सड़क पर रखकर दुकानदारी करने वालों पर नियम की नाफरमानी महंगी पड़ी। शीतला मंदिर पुरानी बस्ती से लाखे नगर चौक तक दर्जनों दुकानदार सड़क आवागमन बाधित करने अपनी दुकान का सामान सड़क पर रखने से बाज नहीं आते। ऐसे डेढ़ दर्जन व्यापारियों से नगर निगम ने न केवल सड़क बाधा शुल्क वसूला, बल्कि आवागमन में बाधक सामग्री जब्त भी की। लंबे समय बाद निगम के इस अभियान को लेकर आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली।

- दुकानों के बाहर सड़क पर रखी सामग्री हटाने और जब्त करने चला अभियान

नगर निगम जोन 5 के पुरानी बस्ती शीतला मंदिर से लाखे नगर चौक तक 17 व्यापारियों से सड़क आवागमन बाधित कर दुकान की सामग्री सड़क किनारे रखने और गंदगी फैलाने पर 17 हजार रुपये जुर्माना किया गया। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश अनुसार जोन 5 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के निर्देश पर जोन कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता कमलेश मिथिलेश , नागेश्वर रामटेके, उप अभियंता संस्कार शर्मा और जोन स्वास्थ अधिकारी संदीप वर्मा की टीम ने अभियान चलाकर आम जनता के लिए सुगम आवागमन की सुविधा दी।

### पुराना बस स्टैंड , एवरग्रीन चौक से बैजनाथ पारा तक अवैध पाटा तोड़े

नगर निगम जोन 4 अमले ने पुराना बस स्टैंड के पास मल्टीलेवल पार्किंग, एवरग्रीन चौक से बैजनाथपारा तक नालियों पर बनाये गये अवैध पाटा को तोड़ने की कार्रवाई की। साथ ही सड़क पर रखे सामान को जब्त किया। इन मुख्य व्यावसायिक क्षेत्रों में करीब 8 बड़े पाटे तोड़े गये। साथ ही सड़क पर कब्जा जमाकर यातायात बाधित करने वाले दुकानदारों के सामान की जब्ती की गई। अवैध ठेला व गुमटियों को हटाया गया। अभियान में करीब 8,500 रुपये का जुर्माना कब्जाधारियों पर लगाया गया है।

# संतान सुख का झांसा देकर दो आईवीएफ सेंटर ने वसूले लाखों रुपए, लाइसेंस रद्द करने महिला आयोग करेगा अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संतान सुख का सपना दिखाकर राजधानी के दो आईवीएफ सेंटर ने इलाज के नाम पर लाखों रुपए वसूल लिए। 20.80 लाख रुपए वसूलने के बावजूद लापरवाही बरतकर महिला के 11 भ्रूण को नष्ट कर दिया गया। महिला आयोग ने मामले की सुनवाई के बाद महिला को 2.80 लाख रुपए माहभर के भीतर वापस करने और पुनः भ्रूण प्रत्यारोपण करने का आदेश दिया है। संतान प्राप्ति की प्रक्रिया शुरू नहीं करने पर 18 लाख रुपए वापस देना होगा। महिला आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक ने बताया कि अगर आईवीएफ सेंटर निर्देश का पालन नहीं करते हैं, तो दोनों चिकित्सकीय संस्थान का लाइसेंस समाप्त किए जाने की अनुशंसा ऑल इंडिया मेडिकल काउंसिल नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ के साथ सचिव स्वास्थ्य को पत्र भेजकर की जाएगी। मां बनने की चाहत में ठगी का शिकार हुई महिला ने न्याय के लिए महिला आयोग में शिकायत की थी। उनसे बताया कि मोवा और बैरन बाजार के दो आईवीएफ सेंटर में संतान प्राप्ति की खातिर उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उसने एक संस्थान में 18 लाख और दूसरे में 2.80 लाख रुपए खर्च किए थे। इसके बाद भी उसका सपना पूरा नहीं हुआ। महिला आयोग ने मामले में दोनों पक्षों की कई दौर में सुनवाई करने के बाद अपना फैसला सुनाया।

# विधानसभा परिसर में तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ

**रायपुर।** विधान सभा परिसर स्थित ऐलोपैथिक चिकित्सालय में मंगलवार विधान सभा के सदस्यों के लिए आयोजित तीन दिवसीय "स्वास्थ्य परीक्षण शिविर" का शुभारंभ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप एवं लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया।

इस अवसर पर मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायकगण, विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा एवं स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया भी उपस्थित थे। यह शिविर 18 से 20 मार्च तक रहेगा। शिविर में पं. जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव



अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के विभिन्न विशेषज्ञ एवं चिकित्सक पूर्वान्हः 11 बजे से अपरान्ह 5 बजे के मध्य विधायकों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। "स्वास्थ्य परीक्षण शिविर" के शुभारंभ अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा मंत्री, श्याम बिहारी जायसवाल का स्वास्थ्य परीक्षण चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

# कचना में लूट के दौरान हत्या, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कचना-सड्डू मार्ग पर मोबाइल की लूट और इस घटना के दौरान एक लुटेरे की हत्या के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चाकू की नोक पर मोबाइल की लूट की घटना में शामिल मृतक ओगेंद्र साहू के साथी रोहित धीवर और शानू कुमार के विरुद्ध धारा 309(6), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है, वहीं ओगेंद्र की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में प्रीतम साहू एवं ओमप्रकाश साहू के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 109, 3(5), 103(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

पुलिस ने इस घटना का खुलासा करते हुए बताया कि कचना-सड्डू मुख्य मार्ग पर हमिंग




### घटना में प्रयुक्त वाहन-मोबाइल जब्त

पुलिस ने इस घटना में प्रयुक्त मोबाइल और वाहन जब्त किया है। आरोपी प्रीतम एवं ओमप्रकाश के कब्जे से घटना से संबंधित एक दोपहिया वाहन तथा रोहित एवं शानू के कब्जे से एक मोबाइल जब्त किया है।

संजीवा बिल्डिंग के सामने रात लगभग 10 बजे रोहित धीवर निवासी मंडलपारा कचना अपने दोस्त ओगेन्द्र एवं शानू के साथ लूट करने के इरादे से खड़ा था। इसी दौरान दोपहिया वाहन में सवार प्रीतम निवासी पीएम आवास सत्यम नगर अपने साथी ओमप्रकाश के साथ मोवा सड्डू की तरफ से एक्टिवा वाहन से आ रहा था। दोनों जैसे ही घटना स्थल पहुंचे, तीनों आरोपियों ने उसका रास्ता रोक लिया और उसके वाहन से चाबी निकाल ली। इस दौरान तीनों ने प्रीतम एवं ओमप्रकाश से गाली-गलौज करते हुए दोनों से मारपीट की तथा उनके मोबाइल छीन लिए। इस दौरान ओगेन्द्र ने चाकू निकाल कर प्रीतम के सीने पर भी टिका दिया और जान से मारने की धमकी दी। इधर प्रीतम ने भी गुस्से में आकर ओगेंद्र से चाकू छीन लिया और उसी के गले पर वार कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विभागों के लिए 21,277 करोड़ 28 लाख से अधिक की अनुदान मांगें पारित

# राज्य सरकार पीएम मोदी की एक-एक गारंटी को पूरा करने का काम कर रही

### नक्सल प्रभावित जिलों के लिए केंद्र से मिले 557 करोड़ और खर्च 998 करोड़

*विधानसभा में नक्सल प्रभावित जिलों में वर्ष 2019 से 2023 तक सुरक्षा संबंधी व्यय योजना के तहत कार्ययोजना राशि और खर्च के सवाल पर डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि केंद्र से 557 करोड़ आया है और 998 करोड़ से ज्यादा व्यय हुआ है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने नक्सल उन्मूलन के लिए राशि के प्रावधान और खर्चे को लेकर जानकारी मांगी। गृह मंत्री विजय शर्मा ने आवंटन और व्यय में अंतर के संबंध में बताया कि इसकी वजह यह है कि पहले राज्य के बजट से ये राशि खर्च हो जाती है, फिर इसे रिम्बर्स कराया जाता है, मतलब खर्चे के बाद राशि आती है। अजय चंद्राकर ने कहा, कार्ययोजना 13 बिंदुओं में भेजा गया है, और खर्च 25 बिंदुओं में हुआ है। कार्ययोजना किसी और मद के लिए भेजी गई है, और खर्च किसी और मद में हुए हैं। विजय शर्मा ने कहा, जिन बिंदुओं का जिक्र सदस्य कर रहे हैं, वो सभी राज्य सरकार मद के हैं। सभी नॉर्म्स के तहत हैं, सब आगे जाकर क्लेम किया जाता है, फिर केंद्र सरकार से राशि प्राप्त हुए हैं। श्री चंद्राकर ने कहा, ये कहीं नहीं लिखा है कि राज्य सरकार के हेड से यह हुआ है। मेरा प्रश्न सुरक्षा संबंधी व्यय को लेकर है। श्री शर्मा ने कहा, हमने वर्ष वार प्रावधान और व्यय को बताया है। अजय चंद्राकर ने कहा कि इंश्योरेंस में पैसे केन्द्र से मांगे गए हैं, लेकिन इंश्योरेंस एक भी नहीं हुआ। किसका इंश्योरेंस किया गया है? इंश्योरेंस हुआ नहीं है और राशि व्यय हो चुकी है। विजय शर्मा ने कहा, रिहैबिलिटेशन पॉलिसी में सभी राशि केंद्र से प्राप्त नहीं होती। जितनी प्राप्त होती है, उसके अलावा की राशि राज्य बजट से खर्च होता है। बीमा पूर्ति मद से बीमा कंपनियों को प्रीमियम की राशि देने का निर्णय पहले हुआ था।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा में मंगलवार को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के पुलिस, गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के वित्तीय सहायता, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 21,277 करोड़ 28 लाख रुपए से अधिक की अनुदान मांगें पारित की गईं।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सदन में बताया कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई एक-एक गारंटी को पूरा करने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री के हर आवासविहीन परिवारों को छत देने का सपना को साकार करने का काम रही है। हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत राज्य के 18 लाख गरीब परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए पहली कैबिनेट बैठक में ही स्वीकृति प्रदान कर इस दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना हमारे सरकार के लिए केवल ईंट और गारे से बने घरों का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह लाखों जरूरतमंदों के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार हमारी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए 11 लाख 50 हजार नए मकानों की मंजूरी दी, इसके लिए 8 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया, अब तक 7 लाख 69 हजार मकानों की स्वीकृति दी जा चुकी है और निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के नेतृत्व वाले सरकार ने इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 8500 करोड़ ऐतिहासिक प्रावधान किया गया है।

**पीएम आवास के लिए 8500 करोड़ रुपए का प्रावधान**

**नक्सल विरोधी बल बस्तर फाइटर्स के लिए 3202 नए पदों का सृजन**

**5 साइबर, 6 अजाक, 3 महिला और 2 नवीन पुलिस थाना खोलने की घोषणा**




### नक्सल इलाके के लिए होगी डब्लूएचएपी वाहन खरीदी

नक्सल उन्मूलन के लिए इस वर्ष के बजट में कई नए प्रावधान किए गए हैं। बस्तर के सातों जिलों में नक्सल विरोधी बल बस्तर फाइटर्स के लिए 3202 नए पदों के सृजन का निर्णय लिया गया है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस के प्रशासनिक और आवासीय भवनों के निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है।

### सड़क और संचार नेटवर्क का विस्तार

सड़क और संचार नेटवर्क का विस्तार भी सरकार की प्राथमिकता में है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए 53 नए सुरक्षा कैम्प स्थापित किए गए हैं। इस प्रयास के तहत नारायणपुर-धौड़ाई-दंतेवाड़ा-बारसूर मार्ग को चालू किया गया है, जिससे वर्षों से प्रभावित क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है।

### 309 नक्सली मारे गए, 975 मुख्य धारा में लौटे

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हमारी सरकार द्वारा बीते एक वर्ष में अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। प्रदेश के जवान कठिन परिस्थितियों में भी पूरी बहादुरी से नक्सलवाद का सामना कर रहे हैं। बीते 14 महीनों में 157 मुठभेड़ों में 305 माओवादियों के शव बरामद हुए हैं, 396 हथियार और 492 आईईडी पकड़े गए हैं, जबकि 1205 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। हमारी पुनर्वास नीति एवं सुरक्षा बलों के दबाव के चलते 975 नक्सलियों ने समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए आत्मसमर्पण किया है।

### गृह विभाग के बजट में 10 प्रतिशत की वृद्धि

उपमुख्यमंत्री ने कहा, पिछले एक वर्ष में प्रदेश की कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जो ठोस कदम उठाए गए हैं, वे मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। विशेष रूप से नक्सल उन्मूलन के क्षेत्र में किए गए प्रयासों से प्रदेश के नक्सल प्रभावित जिलों में विकास कार्य तेज हुए हैं और नक्सलवाद अपनी अंतिम अवस्था में पहुंच चुका है।

### अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी पुलिस

प्रदेश में पुलिस अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए इस बजट में ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं। पुलिस अधोसंरचना निर्माण के लिए 518 करोड़ की राशि आवंटित की गई है, जो पिछले वर्षों के कुल बजट से भी अधिक है।

### प्रत्येक थाने में होगा महिला डेस्क

महिला सुरक्षा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। 'सखी वन स्टॉप सेंटर' और 'निर्भया पेट्रोलिंग यूनिट' का विस्तार करने के लिए 100 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। प्रत्येक थाना स्तर पर महिला हेल्पडेस्क स्थापित करने की योजना बनाई गई है, जिससे महिलाओं को त्वरित सहायता प्रदान की जा सके।

### तकनीकी शिक्षा के लिए 474 करोड़

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के अनुदान मांग पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग को सशक्त बनाने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 474 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है, जिससे संस्थानों का विस्तार, अधोसंरचना विकास और युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।


## डिप्टी सीएम बोले- जून तक सड़क बनाना संभव नहीं, अध्यक्ष ने कहा- कम से कम चलने लायक बन जाए

विधानसभा में भाजपा विधायक विक्रम उसेंडी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पखांजूर से मायापुर तक सड़क निर्माण का मामला उठाया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के 15 जून तक कार्य पूरा करने में असमर्थता जताए जाने पर अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, बरसात से पहले कम से कम माइनर रिपेयर का काम हो जाए और सड़क चलने लायक हो जाए। भाजपा विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा, बरसात के पहले यह कार्य ध्यानाकर्षण में पूरा करने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक कार्य क्यों नहीं किया गया? उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, पिछले साल 26 जुलाई के ध्यानाकर्षण में मैंने स्ट्रेंथनिंग की घोषणा की थी और कार्य पूरा करने की कोशिश भी की गई थी। महाराष्ट्र का बार्डर यहां से जुड़ गया है, तो काफी हैवी ट्रैफिक की वजह से थोड़ी परेशानी आई, लेकिन इसे जल्द ही कर लिया जाएगा। विधायक ने कहा कि कम से कम बरसात के बाद आपने काम शुरू करने की बात की थी, उस लिहाज से अब तक तो पैच रिपेयर का काम शुरू करना चाहिए था।



## पीएचई में उप अभियंता की भर्ती में डिप्लोमाधारी ही योग्य, डिग्रीधारी नहीं

विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से पीएचई विभाग में उप अभियंताओं की भर्ती का मामला भाजपा विधायक राजेश मूणत और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने उठाते हुए कहा, सिविल इंजिनियरिंग करने वाले डिप्लोमाधारी योग्य, लेकिन डिग्रीधारी योग्य नहीं हैं। भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा, ज्यादा पढ़ने वाले अयोग्य और कम पढ़ने वाले कैसे योग्य हो जाते हैं। पीडब्ल्यूडी की भर्ती में ये योग्य हो जाते हैं, लेकिन पीएचई की भर्ती में अयोग्य हो जाएंगे, इसमें नियमों का परीक्षण किया या नहीं। 2017 में आपके विभाग ने ही डिग्रीधारी को सब इंजीनियर बनाया था, आज क्यों नहीं? उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि प्रदेश में 30 से अधिक पॉलिटेक्निक कॉलेज हैं, जहां से हर साल 8 हजार युवा पढ़कर निकलते हैं। सबके लिए अलग-अलग भर्ती नियम और व्यवस्था है। 1977 से यही भर्ती नियम चला आ रहा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा, सुप्रीम कोर्ट का फैसला, निर्देश मानेंगे या नहीं मानेंगे। उप मुख्यमंत्री साव ने इस पर कहा, इस प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट का फैसला लागू नहीं होता।





## विशाखा समिति की रिपोर्ट पर 3 दिनों के भीतर होगी कार्रवाई

विधानसभा में मंगलवार को भाजपा विधायक भावना बोहरा के सवालों का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने घोषणा की कि आयुर्वेद कॉलेज रायपुर के मामले में विशाखा समिति ने जो जांच रिपोर्ट दी, उस पर 3 दिनों के भीतर कार्रवाई करेंगे। प्रश्नकाल में भाजपा विधायक भावना बोहरा का सवाल था कि विशाखा समिति चिकित्सा शिक्षा के कौन-कौन से महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में क्रियाशील है? चिकित्सा शिक्षा अंतर्गत इस समिति का प्रमुख कौन होता है एवं समिति में कितने सदस्य होते हैं? सदस्य बनने के लिए योग्यता क्या होती है? समिति बनाने हेतु किन नियमों का पालन किया जाता है? वर्ष 2021 से 2025 तक आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में विशाखा समिति को कितने शिकायत या आवेदन प्राप्त हुए? प्राप्त शिकायतों में कितनी शिकायतों का निराकरण किया गया? स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जवाब दिया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग अंतर्गत अधीनस्थ संस्थाओं में विशाखा दिशा-निर्देश अंतर्गत समिति गठित है। उक्त समिति का प्रमुख महिला होना आवश्यक है।



# बाल विवाह रोकने कोसमंदी में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**रायपुर/बलौदाबाजार।** ग्राम पंचायत कोसमंदी में बाल विवाह जारूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला बाल संरक्षण इकाई के विवेक वैष्णव ने बाल विवाह प्रतिषेध नियम के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि लड़की की उम्र 18 और लड़के की उम्र 21 वर्ष से पूर्व विवाह करना कानूनी अपराध है। जनपद अध्यक्ष द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध की शपथ दिलायी गई। पर्यवेक्षक स्वाती जायसवाल द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव, सरपंच तुलसीदास जांगड़े, विवेक वैष्णव, महिला शक्तिकरण से नम्रता साहू, कौशल्या सोनवानी, बिनौरी सेक्टर पर्यवेक्षक स्वाती जायवाल, समस्त पंचगण और कोसमंदी की कार्यकर्ता तथा ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





# नवनिर्वाचित पार्षद का पटवा समाज ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर के पटवा समाज भवन में रंग पंचमी मनायी गई। उक्त अवसर पर पटवा समाज द्वारा नगर पालिका परिषद सिमगा के नवनिर्वाचित पार्षद भारतीय गोलू पाटकर को शाल और श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इसमें समाज के अध्यक्ष परस पाटकर, उपाध्यक्ष दिनु पाटकर, सचिव दिनेश पाटकर, लकी पाटकर, राघव पाटकर, राकेश पाटकर एवं महिला सदस्य अंजू पाटकर सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।



## आरएसएस की 21 से बेंगलुरु में बड़ी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बेंगलुरु में राष्ट्रीय स्तर की प्रतिनिधि सभा की बैठक 21 से 23 मार्च तक होगी। इस बैठक में कई बड़े फैसले होंगे। जहां भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के लिए सह संगठन महामंत्रियों पर मंथन होगा, वहीं भाजपा के राज्यों के संघों में संगठन महामंत्रियों के साथ ही क्षेत्रीय संगठन महामंत्रियों को लेकर भी चर्चा होगी। कई राज्यों में आरएसएस से जुड़े संगठन महामंत्रियों को बदलने पर भी चर्चा होगी। सभा में शामिल होने के लिए आरएसएस के प्रदेश पदाधिकारी भी जाएंगे। इस सभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी शामिल होंगे।

# बलौदाबाजार हिंसा मामले में तीन और आरापी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** नगर में 10 जून 2024 को कलेक्टोरेट परिसर सहित कुछ अन्य शासकीय भवनों में तोड़फोड़ व आगजनी के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा मंगलवार को आप पार्टी के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर सिंह डहरिया सहित दो अन्य आरोपियों दीपक धृतलहरे 32 वर्ष निवासी ग्राम दशरमा व सुशील बंजारे 32 वर्ष निवासी ग्राम भाटागांव को गिरफ्तार किया गया है। इस गिरफ्तारी के साथ ही मामले में अबतक पकड़े गये आरोपियों की संख्या 191 हो गई है। प्रदत्त जानकारी के अनुसार गिरफतार किये गये आरोपियों पर आगजनी, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप है। बलौदाबाजार हिंसा मामले में पूर्व में गिरफतार किये गये कई आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट और सत्र न्यायालय से जमानत मिल चुकी है, लेकिन उक्त मामले में सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार विवेचना के दौरान मिले सबूतों के आधार पर अब भी कई आरोपियों पर कानूनी शिकंजा कसना जारी रखा गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आरोपियों की धरपकड़ अभी खत्म नहीं हुई है। पुलिस के पास हिंसा में संलिप्त अन्य लोगों की सूची तैयार हो चुकी है, और जल्द ही और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

- **गिरफ्तार आरोपियों में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर सिंह डहरिया भी शामिल**
- **बलौदाबाजार आगजनी कांड में अबतक 191 लोग किये जा चुके गिरफ्तार**

# सभी पात्र शिक्षकों के लिए क्रमोन्नत वेतनमान का आदेश जारी करें शासन

**पलारी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा और प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कोमल वैष्णव ने सोना साहू के पक्ष में हुए उच्च न्यायालय के डबल बेंच के निर्णय के आधार पर राज्य शासन शिक्षा विभाग से मांग की है कि प्रदेश में कार्यरत सभी एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नत वेतनमान का निर्धारण करने आदेश जारी करें तथा तदनुसार पात्रताधारी शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान देने का जनरल आदेश जारी किया जाए।



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान वाजिद खान, प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह देवनाथ साहू डॉ. कोमल वैष्णव बसंत चतुर्वेदी प्रवीण श्रीवास्तव शैलेन्द्र यदु, प्रदेश सचिव मनोज सनाढ्य, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र पारिख ने कहा है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 24 अप्रैल 2006 व 10 मार्च 2017 को क्रमोन्नत वेतनमान के लिए 10 वर्ष में प्रथम व 20 वर्ष में द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ प्रदान करने के जारी आदेश के तहत प्रदेश में कार्यरत सभी एलबी संवर्ग के लिए आदेश जारी किया जाए। छत्तीसगढ़ शासन वित्त एवं योजना विभाग द्वारा 10 अगस्त 2009 के आदेश जिसमें एक विभाग से दूसरे विभाग में समान वेतनमान अथवा भिन्न वेतनमान के पद पर संविलयन होने पर पहले विभाग की सेवा अवधि समयमान वेतनमान के लाभ हेतु गणना में शामिल करने का प्रावधान किया गया है। अतः छत्तीसगढ़ शासन वित्त एवं योजना विभाग द्वारा 10 अगस्त 2009 के आदेश का लाभ एलबी संवर्ग के शिक्षकों को दिए जाने का आदेश जारी किया जाए। ज्ञात हो कि क्रमोन्नति वेतनमान सहायक शिक्षकों के लिए व शिक्षक एवं व्याख्याता के लिए समयमान वेतनमान प्रचलन में हैं। ग्रेच्युटी, अवकाश नकदी करण, न्यूनतम पेंशन एवं पूर्ण पेंशन के लिए प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा अवधि की गणना का लाभ दिलाने छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन शिक्षक मोर्चा के साथ रणनीति तैयार करेगा और शीघ्र शासन से संवाद कर सभी पात्रताधारी शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान दिलाने का भरसक प्रयास करेगा।

# नगरपालिका परिषद में प्रेसिडेन्ट इन काउन्सिल का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगरपालिका परिषद बलौदाबाजार में कार्यो के संचालन हेतु नगरपालिका अधिनियम 161 की धारा 70 सहपठित धारा 43 के तहत नपाध्यक्ष अशोक जैन द्वारा पीआईसी का गठन करते हुए समिति के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति की गई है।

घोषित सूची के अनुसार गठित पीआईसी में शिक्षा महिला एवं बाल कल्याण विभाग में सभापति जितेन्द्र महाले के अलावा सदस्य के रूप में अमितेष नेताम, मनोज कांत पुरैना, गौतम चौहान व श्रीमति मंजू होरेलाल फेकर को शामिल किया गया है। इसी तरह लोक निर्माण आवास विभाग में जितेन्द्र डडसेना को सभापति तथा अमितेष नेताम, गौतम चौहान व मंजू होरेलाल फेकर व सतीश पटेल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति पुनर्वास एवं नियोजन विभाग में मनोज कांत पुरैना सभापति तथा आदित्य गुप्ता, जितेन्द्र महाले, हरजीत सिंह सलूजा, जितेन्द्र डडसेना को सदस्य, जल कार्य विभाग में हरजीत सिंह सलूजा सभापति तथा सदस्य रोहित साहू, आदित्य गुप्ता, मनोजकांत पुरैना, सतीश पटेल, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग सभापति आदित्य गुप्ता के अलावा सदस्य के रूप में गौतम चौहान, जितेन्द्र माहले, रखा पटेल, जितेन्द्र डडसेना, को शामिल किया गया है। वहीं राजस्व एवं बाजार विभाग में सभापति सतीष पटेल व सदस्य रेखा पटेल, रोहित साहू, हरजीत सिंह सलूजा, प्रिया शशीभूषण शुक्ला, विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग सभापति प्रिया शशीभूषण शुक्ला व सदस्य के रूप में रेखा पटेल, रोहित साहू, सतीष पटेल तथा अमितेष नेताम को शामिल किया गया है।

पेज 11 के शेष

### जहर सेवन करने...

राजस्व प्रकरण तहसीलदार सुहेला में विचाराधीन था। होरीलाल साहू तहसीलदार के कार्य और व्यवहार से क्षुब्ध था। घटना के दिन तहसीलदार द्वारा होरीलाल साहू को उसके पुत्र और पुत्री के सामने अपमानित किया। पीड़ित द्वारा आत्महत्या कर लेने की बात कहने पर संबंधित अधिकारी द्वारा जाओ मर जाओ कहा गया, जिसके कारण उसने तहसील कार्यालय में सबके सामने जहर पी लिया, उस दौरान किसी ने बीच बचाव का प्रयास नहीं किया गया। सुहेला और बलौदाबाजार के अस्पताल में चिकित्सा संतोषजनक नहीं होने के कारण उसके परिजन एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

### कार्रवाई के अभाव...

है। जिन्हें लगाकर होर्डिंग्स लगाने वाले प्रतिमाह हजारों रूपए किराया वसूल रहे हैं। वही कर वसूली से जूझ रही पालिका को इससे हजारों रुपये की राजस्व की क्षति झेलना पड़ रहा है। नगर में कई स्थानों पर यातायात के दबाव वाले क्षेत्रों में ऐसे लापरवाही पूर्वक लगे होर्डिंग्स यातायात व्यवस्था बाधित कर रहे हैं। नगर के संकरे मार्ग के बीचों–बीच पूरे नगर में डिवाइडर बना हुआ है। इस डिवाइडर के बीचों–बीच पालिका के बड़े यूनीपोल के अलावा स्ट्रीट लाइट के खंभों पर भी होर्डिंग्स वाले छोटे फलेक्स बड़ी संख्या में लगे हुए हैं, जो तेज हवा, आंधी के समय फटकर सड़कों पर लहराते हैं और इनके टुकड़े भी उड़कर कभी–कभी तो वाहनों के शीशे पर आ गिरते हैं जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है।

### मामूली विवाद पर...

थुके जाने से नाराज होकर गुस्से में घटना को अंजाम देने की बात कही है। घटना के बाद गुस्साए मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने आरोपी व आरोपी के परिजन को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए हल्ला करने लगे, किसी तरह थाना प्रभारी दीपक पासवान द्वारा ग्रामीणों समझाया और मामला शांत कर शव का पंचनामा व पीएम पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

### आपदा पीड़ित परिवार...

सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम अमलीडीह निवासी ललिता यादव पिता शत्रुहन यादव की सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6–4 के प्रावधान के अनुसार मृतका के निकटतम वैध वारिसान पिता शत्रुहन यादव पिता शिवप्रसाद यादव को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

## खबर संक्षेप

### कठिया में रामायण कथा जारी



**खरोरा।** ग्राम कठिया में रामायण व लीला मंडली तथा समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय रामायण का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में डोमार वर्मा, तिलक बघेल, रिसब्या वर्मा, ललित वर्मा एवं अशोक का विशेष योगदान है, जिन्होंने कार्यक्रम की तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनके साथ–साथ समस्त ग्रामवासी भी पूरे उत्साह से इस धार्मिक अनुष्ठान में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गावों से पधारे विद्वान पंडितों द्वारा प्रवचन, भजन–कीर्तन एवं संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। रामायण पाठ के उपरांत महाप्रसाद वितरण की भी व्यवस्था है। तिलक बघेल ने कहा कि समस्त श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासी अधिक संख्या सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

### विदाई समारोह में छात्रों को परोसा गया न्योता भोज



**पलारी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया, संकुल छड़िया में जय दुर्गा महिला स्व–सहायता समूह द्वारा कक्षा आठवीं के छात्र–छात्राओं को विदाई स्वरूप न्योता भोज का आयोजन किया गया। इससे विद्यार्थी उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर संकुल छड़िया के समन्वयक मुकेश कुमार साहू, संस्था प्रमुख गीता वर्मा एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### तेंदू बेचने आए व्यक्ति की बाइक चोरी

**महासमुंद।** तेंदू बेचने आए एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। पिथौरा पुलिस को डिग्री पटेल निवासी पिलसीपानी थाना झारबंद जिला बरगढ़ ओडिशा ने बताया कि 17 मार्च को वह अपनी मोटर सायकल सीजी 06 एफ 0684 में तेंदू बेचने पिथौरा आया था। तेंदू बेचने के बाद वह अपने फूफा पवितराम पटेल निवासी डोंगरीपाली कैलाशपुर के घर रात में रूका था तथा बाइक को को घर के सामने खड़ी कर दिया था। 18 मार्च की सुबह करीबन 4 बजे देखा तो बाइक वहां नहीं थी, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। मामले में रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### शराब बेचने वाले दो लोगों को महिला समूह ने पकड़ा

**महासमुंद।** नानकपाली की महिला समूह ने शराब बेचने वाले दो लोगों को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम नानकपाली के महिला समूह के द्वारा दो व्यक्ति को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया है। इसके बाद पुलिस टीम मौके पहुंची जहां समूह की महिलाओं ने दो लोगों को पकड़ा हुआ था। संदेहियों ने पूछताछ में अपना नाम नवीन साहू पिता धनु साहू (57 वर्ष) नानकपाली एवं प्रकाश महापात्र पिता शिवनाथ महापात्र (35 वर्ष) जलगढ थाना बलौदा का होना बताया। पुलिस ने आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 07 लीटर (7000एमएल) कीमत 1400 रुपए की महुआ शराब को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### पति ने पत्नी पर चाकू से वार किया

**महासमुंद।** ग्राम केंदूढार के पेट्रोल पंप में काम करने वाली महिला के साथ उसके पति ने मारपीट करते हुए चाकू से वार कर दिया। सरायपाली थाने में घटना को लेकर रिपोर्ट लिखाते हुए महिला के पिता तिहारी प्रधान निवासी पतेरापाली ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री का साल 2019 में मनीष सोनी के साथ प्रेम विवाह हुआ था। तीन माह पूर्व वह ग्राम बालसी में किराये के मकान लेकर अपने तीन बच्चों के साथ रहती है तथा पेट्रोल पंप केंदूढार में पेट्रोल भरने का काम करती है।

# स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारियों को शिक्षा विभाग में संविलियन करे सरकार

**स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ इकाई सिमगा ब्लॉक, जिला बलौदाबाजार के समस्त स्टाफ बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिमगा को दो सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने पूर्व शिक्षा मंत्री के उद्घोषणा अनुसार स्वामी आत्मानंद के संविदा शिक्षकों को शिक्षा विभाग में संविलयन एवं 4 वर्ष से एक ही वेतन पर कार्य कर रहे संविदा शिक्षकों की वेतन वृद्धि की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम अनुविभागीय अधिकारी सिमगा अंशुल वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

विदित हो कि स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को शुरू हुए 4 वर्ष पूर्ण हो गए हैं, जिनमें 12 हजार से अधिक की संख्या में संविदा कर्मचारी के रूप में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी द्वारा



उत्कृष्ट रूप में पढ़ाई के साथ साथ अन्य सारे कार्य किए जा रहे हैं, जो शासन द्वारा प्रदत्त मूल रूप से नियमित शिक्षक कर रहे हैं। मांगों को लेकर, स्वामी आत्मानंद के सभी संविदा कर्मचारी यही अपेक्षा कर रहे हैं कि शासन उन्हें गंभीरता से ले एवं उचित निर्णय लेकर उन्हें कृतार्थ करें।

छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दुर्योधन यादव के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिमगा को ज्ञापन सौंपने प्रदेश संयोजक तापस राय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कौशल कुमार और जागेश्वर सिंह तथा विद्यालय प्रभारी तारेन्द्र टंडन और शालिनी शुक्ला के साथ समस्त स्टाफ उपस्थित थे। हथबंध से दुष्यंत सोनवानी, सिमगा से पराग पांडे, हितेश साहू, अमृतांत सोनी, दीपिका साहू, प्रगति वर्मा, योगेश निषाद, रूबी तिवारी, एकासना साहू, निलम केसरवानी, देवकुमारी काटले, अनिल साहू, ऋषभ मिश्रा, पलाश रामटेके उपस्थित थे।

**समारोह में कार्यकर्ताओं ने दिया भाई चारे का संदेश**

# भाजपा लवन मंडल के सदस्यों ने जमकर खेली फूलों की होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

भारतीय जनता पार्टी मंडल लवन द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा गौरीशंकर अग्रवाल प्रदेश, उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, जिलाध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील यदु, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेसूलाल धुरंधर, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। होली मिलन समारोह में नगाड़े की धुन पर फाग गीतों ने समां बांधे रखा। उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी कार्यकर्ताओं के साथ फूलों की होली खेलकर तथा गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर लवन मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी, लाहोद मंडल अध्यक्ष



रामलाल कुर्रे, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय यादव, जिला संयोजक गिरधारी वर्मा, जिला महामंत्री प्रशांत यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान, उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू, महामंत्री हेमंत साहू, गोविन्द घृतलहरे, नरेश साहू, पार्षद अयोध्या जायसवाल, भारतभूषण साहू, भावेश तिवारी, गेंदराम सेन, हरप्रसाद बार्वे, गोलू धीवर, संतोष घृतलहरे, जनपद सदस्य शिव वर्मा, हरीश साहू, दिनेश सांगले, घनाराम पटेल, पूर्व अध्यक्ष मीना बार्वे, पूर्व उपाध्यक्ष श्रीचंद साहू रामकुमार साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।



### सकरी में ग्रामीणों ने रंग पंचमी मनाई

***बलौदाबाजार।*** *ग्राम पंचायत सकरी में बुधवार को रंग पंचमी पर बजरंग चौक के युवाओं द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंग पंचमी मनाते हुए बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित दाउराम साहू, गिरजाशंकर वर्मा, पोखन वर्मा, नामदेव वर्मा, सत्यपाल साहू, परदेशी साहू, चंदू साहू, देवेन्द्र वर्मा, चूणामणी साहू ने बताया कि वर्तमान समय में सभी अपने पारिवारिक जीवन में व्यस्त तथा कार्यक्षेत्र अलग–अलग होने के चलते होली पर्व में नहीं मिल पाये थे, जिसकी वजह से रंग पंचमी पर होली मिलन समारोह के आयोजन से सभी दोस्तों को मिलने का अवसर प्राप्त हुआ।*

# पंचायत राज व्यवस्था की जानकारी से अवगत हुए सरपंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पंचायत राज व्यवस्था की व्यापक जानकारी देकर प्रभावी नेतृत्व प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के विकासखंड कसडोल अंतर्गत नवनिर्वाचित सरपंचों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को जिला पंचायत संसाधन केंद्र में किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल ने विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा सरपंचों को पंचायत संचालन, प्रशासनिक प्रक्रियाओं, वित्तीय प्रबंधन और ग्रामीण विकास से संबंधित विषयों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिए गए। इस अवसर पर जिला समन्वयक मुरलीकांत यदु सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में सरपंचगण उपस्थित थे।

# जिपं सदस्य शैलेन्द्र ने छग प्रभारी सचिन पायलट एवं दीपक बैज से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विगत दिनों पलारी क्षेत्र क्रमांक 14 के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य एवं युवक कांग्रेस जिला बलौदा बाजार के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र बंजारे राजधानी रायपुर आगमन पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से राजधानी के एक निजी होटल में सौजन्य मुलाकात की। जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र बंजारे ने बलौदा बाजार के वर्तमान राजनीति एवं संगठन में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की बात की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, राष्ट्रीय सचिव एवं भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा, पूर्व पार्षद गोल्डी मरैय्या, एन एस यू आई जिला महासचिव जय ठाकुर उपस्थित थे।



# साहू समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने शिवरतन से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

साहू समाज सिमगा परिक्षेत्र के अध्यक्ष योगेश राहुल साहू व जनपद सदस्य चंद्रशेखर साहू के नेतृत्व में औरेठी सरपंच नरेश साहू, लांजा सरपंच ओमप्रकाश बंजारे व सोसाइटी अध्यक्ष रोहित साहू परिक्षेत्र के उपाध्यक्ष शेषनारायण साहू सचिव वीरेंद्र साहू सहित पौसरी अध्यक्ष नीलू साहू बनसांकरा अध्यक्ष मीनाराम साहू पूर्व सरपंच रामजी साहू, राजू जोशी व परिक्षेत्र साहू समाज के प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा से सौजन्य मुलाकात की। साथ ही आगामी दिनों में होने वाले मां कर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

# भाजपा मंडल भटगांव ने होली मिलन में दिखाई एकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

भाजपा मंडल भटगांव द्वारा बुधवार को होली मिलन केसरवानी धर्मशाला में सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित हुआ। होली मिलन कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति पटेल ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं व विजयी पंच, सरपंच पार्षद एवं जनपद सदस्य जिला पंचायत के सदस्य सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर आज पूरे जिले में अपना परचम लहराये है चाहे पंच हो, सरपंच हो, पार्षद हो अध्यक्ष हो या जनपद सदस्य हो या फिर जिला पंचायत के सदस्य के साथ अध्यक्ष हो। इस प्रकार जिले में भाजपा का कब्जा के साथ सरकार बनी हैं। इस सबमें आप सभी का योगदान है और आगे भी हमें मिलकर बीजेपी को और अधिक मजबूत बनाना है।

वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे ने भी होली की बधाई देते हुए कहा कि आप सबका प्यार ही भाजपा का एक छत्र राज लाने में सफल रहा है। आज गांव से लेकर जिला पंचायत तक भाजपा ही भाजपा नजर आ रही है। कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष जलान, जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर दिनेश लाल जांगड़े, उपाध्यक्ष रेवती चंद्रा, जिला उपाध्यक्ष द्वारका साहू ,नगर अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, नगर उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज दीक्षित ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा महामंत्री फूलचंद जायसवाल ने किया।

### राष्ट्रीय बास्केटबाल चैंपियनशिप में अभिषेक का चयन

**महासमुंद।** बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया तथा असम बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा पहली अंडर 23 नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप 18 से 24 मार्च तक इंडोर स्टेडियम गुवाहाटी में आयोजित किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ की बास्केटबॉल बालक एवं बालिका टीम शामिल होंगी। छत्तीसगढ़ की बालक टीम ने अपने पहले मैच में बेहतर प्रदर्शन किया व अरुणाचल प्रदेश से 66-44 अंकों से जीत दर्ज की। राष्ट्रीय बास्केटबाल चैंपियनशिप में महासमुंद जिले से अभिषेक अंबिलकर का चयन होने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, राजस्व निरीक्षक मनीष श्रीवास्तव, संतोष सोनी, किरण महाड़िक, नुरेंद्र चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, बादल मक्कड़, माता सुनीता अंबिलकर, पिता जयंत राव अंबिलकर, शुभम तिवारी, सुभाष मंडल, विवेक मंडल, लालू सोनवानी, मनीष चंद्राकर, विकास सोनी, पूरन साहू, कुलेश्वर चंद्राकर, आकाश सोनी, शिवम, खुशबू साहू, तारणी साहू, सौम्या, सिम्मी चंद्राकर ने हर्ष व्यक्त किया है।

**बुनकर सहकारी समिति पिसीद ने की पहल**

# 20 ग्रामीणों ने लिया बुनाई का प्रशिक्षण, बांटी गई सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग हथकरघा विभाग अंतर्गत समग्र हथकरघा योजना द्वारा ग्राम पंचायत पिसीद के जय गुरु देव बुनकर सहकारी समिति के माध्यम से नवीन कार्यालय पिसीद में पिछले चार माह से चल रहे बुनाई प्रशिक्षण कार्य पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित कर प्रशिक्षण प्राप्त किए 20 लोगों को सामग्री वितरण की गई।

ज्ञात हो कि समीपस्थ ग्राम पंचायत पिसीद में छग शासन ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित समग्र हथकरघा योजना अंतर्गत 12 नवंबर 2024 से 12 मार्च 2025 तक चार महीने का प्रशिक्षण जय गुरु देव बुनकर समिति पिसीद के माध्यम से 20 लोगों को दिया गया, जिसका प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात 18 मार्च को एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रशिक्षण प्राप्त किए सभी 20 प्रतिभागियों को कपड़ा



बुनने से संबंधित उपकरण सामग्री सहित प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि बुनाई कार्य सीखने के साथ ही सभी प्रतिभागी हथकरघा उद्योग से जुड़ गए, जिसमें बुनाई कार्य करने से अब उन्हें गावं में ही पूरे साल भर काम मिलेगा। बताया जाता है कि एक बुनकर एक दिन में कम से कम



300 रूपये या अधिक का कार्य कर सकता है, जिससे वह अच्छे से जीवन यापन कर सकता है। इस समापन समारोह पर अथिति के तौर पर ग्राम सर्वा निवासी पूरन शर्मा ने सभी को शुभ कामनायें देते हुए कहा कि इस हथकरघा कार्य को करने से घर परिवार मे एक साथ कई लोगों को काम करने का अवसर मिलता है, जिससे अब कही दूसरे जगह काम करने जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। विदित हो कि पहले बुनकर कार्य को इस क्षेत्र में कोष्टा देवांगन समाज के लोग ही करते थे, पर अब विभिन्न जाति के लोग इस कार्य को कर रहे हैं। इस बुनाई प्रशिक्षण में गांव में पटेल, केवट, मानिकपुरी, यादव एवं साहू समाज के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के अध्यक्ष जागेश्वर देवांगन ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दिले राम वर्मा, सोहन, सुदामा, रामेश्वर, चैतराम, गनेश राम, गौरी, जीतेन्द्र, मंजू, पूर्णिमा, दुलेश्वरी, कुसुम, पूजा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025,06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान),काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार),पशुपतिनाथ ,जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 9,500/- , 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411